प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिनों के दौरे पर आज शाम पहुंच रही हैं रांची, श्रीमति मुर्मू कल आइसीएआर के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में होंगी शामिल।
2. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने माता–पिता और अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों के लिए एनपीएस वात्सल्य योजना में निवेश करने का दिया सुझाव।
3. झारखंड हाईकोर्ट ने जियाडा के औद्योगिक क्षेत्र में नियम विरूद्ध 11 एकड़ जमीन तत्कालीन खान मंत्री हेमंत सोरेन के रिश्तेदारों को उपलब्ध कराने के मामले में राज्य सरकार से मांगा जवाब।
4. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल साहिबगंज के भोगनाडीह से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का करेंगे शुभारंभ, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिंमता विश्वा सरमा आज गिरिडीह में करेंगे समीक्षा बैठक।
5. मौसम विभाग ने 20 और 21 सितंबर को राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश और वज्रपात की जतायी संभावना, येलो अलर्ट जारी।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आज रांची आ रही हैं। रांची पहुंचने के बाद वे सीधे राजभवन जायेंगी जहां रात्रि विश्राम करेंगी। इसके बाद कल सुबह नामकुम स्थित आईसीएआर के शताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के निदेशक अभिजीत कर ने बताया कि समारोह तीन चरणों में संपन्न होगा।

कार्यक्रम के तीसरे चरण में राष्ट्रपति संस्थान से जुड़ी तीन पुस्तकों का लोकार्पण करेंगी। आईसीएआर के शताब्दी समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि केंद्रीय कृषि मंत्री समेत कई गणमान्य लोग और 8 से 10 हजार किसान भी शामिल होंगे।

********************

देशभर में एनपीएस वात्सल्य योजना शुरू हो गयी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने सुझाव दिया कि माता–पिता और अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों के लिए एनपीएस वात्सल्य में निवेश करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एनपीएस वात्सल्य योजना में बच्चों के लिए बचत करने पर उच्च रिटर्न का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि एनपीएस योजना शुरु से ही अच्छा रिटर्न देती रही है।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने खान विभाग के मंत्री रहते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अपने रिश्तेदारों को जियाडा के औद्योगिक क्षेत्र– चान्हो में 11 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने के मामले में राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। अदालत ने सरकार से यह बताने को कहा है कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के आवेदन पर क्या कार्रवाई की गयी है। प्रार्थी ने हेमंत सोरेन पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।

इधर उच्च न्यायालय ने महिलाओं से छिनतई और लूट की घटना को गंभीरता से लिया है। अदालत ने रांची के एसएसपी को ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए तत्काल सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया।

********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल साहेबगंज के भोगनाडीह से भाजपा की परिवतर्न यात्रा की शुरूआत करेंगे। इस दौरान वे सभा को भी संबोधित करेंगे। इस सिलसिले में श्री शाह आज शाम रांची पहुंच रहे हैं। साहेबगंज और गिरिडीह में उनके कार्यक्रम को लेकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वा सरमा आज गिरिडीह के झारखंडी धाम में समीक्षा बैठक करेंगे।

********************

झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालयों की ओर से मतदाता जागरूकता की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

रामगढ़ में मतदाताओं के बीच निर्वाचन प्रक्रिया, ईवीएम और वीवीपैट जागरूकता को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार ने ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया और चार मोबाइल डेमोंसट्रेशन वाहनों को भी रवाना किया।

इधर खूँटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में इवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन के माध्यम से लोगों को मतदान प्रक्रिया को लेकर जागरूक किया जायेगा।

वहीं गिरिडीह में जिले के सभी अनुमंडलों में ईवीएम और वीवीपेट को आम आदमी की जानकारी के लिए प्रर्दशित किया जा रहा है। जिले के उपायुक्त नमन प्रेयस लकडा ने सभी मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की अपील की है।

******************

देवघर के उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2047 तक देवघर एयरपोर्ट का पूर्ण विस्तार करने का लक्ष्य है। समीक्षा के दौरान उन्होंने वर्तमान में साढ़े ग्यारह एकड़ की भूमि की जरूरत बतायी और अंचलाधिकारियों को एयरपोर्ट ऑथोरिटी के अधिकारियों के साथ बातचीत कर भूमि प्रतिवेदन जमा करने का निर्देश दिया।

******************

हजारीबाग जिले में भाजपा नेता डॉ. अमरदीप यादव और पूर्व सिंडिकेट सदस्य पंकज मेहता ने ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर हजारीबाग में सेंट्रल यूनिवर्सिटी खोलने की मांग की है।
साउंड बाईट– अमरदीप यादव– 28 सेकेंड

******************

रांची के ओरमांझी प्रखंड के गूंजा गांव की जूली देवी को महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ने और माइक्रो ड्रिप सिंचाई की विधि जानने के बाद कृषि कार्य में बड़ी मदद मिली।

******************

लातेहार जिला पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद के सब–जोनल कमांडर शिवराज सिंह को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। उस पर सरकार ने 5 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

******************

मौसम विभाग ने 20 और 21 सितंबर को राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार राज्य में मॉनसून की गतिविधियों अब कमजोर हो रही हैं। इधर पिछले चौबीस घंटे के दौरान कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गयी, जबकि कुछ जगहों पर भारी बारिश भी हुई।

******************

भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की श्रृखला का पहला मैच आज से चेन्नई के एम ए चिदम्बरम स्टेडियम में शुरू हो गया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अबतक 31 ओवर में 4 विकेट खोकर 120 रन बना लिये हैं। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया।

*************